नवोदय टाइम्स

नई दिल्ली

NAVODAYA TIMES, New Delhi

चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

ABC से प्रमाणित 1,36,682 प्रतियां प्रतिदिन (औसतः जनवरी-जून 2018)

मूल्य ₹ 3/-

शनिवार, 6 अप्रैल, 2019 • तदनुसार 23 चैत्र, विक्रमी सम्वत 2075 | www.navodayatimes.in | facebook.com/navodayatimes | twitter.com/navodayatimes | तापमान अधिकतम 42° न्यूनतम 26° | वर्ष 6, अंक 242 | पृष्ठ 16+बाल टाइम्स/नारी (8)

जून में खुलेगा ग्रेटर नोएडा वेस्ट का गौड़ सिटी मॉल

■ ग्रेनो वेस्ट का सबसे बड़ा मॉल होने का दावा

ग्रेटर नोएडा, 5 अप्रैल, (ब्यूरो): ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटियों में रहने वालों को नोएडा व गाजियाबाद जाकर मॉल में घूमने और शॉपिंग या फिल्म देखने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। जून माह में ग्रेटर नोएडा वेस्ट का गौड़ सिटी मॉल आम लोग के लिए खुल जायेगा। जहां देशी व विदेशी ब्रांड के साथ साथ 9 स्क्रीन का मल्टीप्लेक्स होगा। वहीं होटल रेडिसन, आफिस स्पेस और स्टूडियो अपार्टमेंट भी होगा। इसकी जानकारी शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान गौड़ एंस के एमडी मनोज गौड़ ने दी। गौड़ सिटी मॉल के बारे में जानकारी देते हुए मनोज गौड़ ने बताया कि इस मॉल से तीन लाख परिवारों को शॉपिंग व मनोरंजन की सुविधाएं एक छत के ही नीचे मौजूद मिलेगी।

गौड़ सिटी मॉल कुल 8.45 लाख स्क्वायर फीट में फैला है जिसमें रिटेल स्पेस शामिल हैं और 1,55,000 स्क्वायर फीट एरिया में होटल का निर्माण किया गया है। मॉल में ग्रेनो वेस्ट का पहला रैडिसन होटल भी 180 रूम के साथ ऑपरेशनल होगा।